हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

तापमान
अधिकतम ??.? डिग्री
न्यूनतम ?.? डिग्री

12 एक शिक्षक विद्यार्थी में विद्यमान ज्ञानात्मक क्षमता को परख कर उसे उजागर करता है



12 सीएम फ्लाइंग टीम की नागरिक अस्पताल में छापेमारी



## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन से गिरने से युवक की मौत, पहचान नहीं

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर सोनीपत से राठधना रेलवे स्टेशन के बीच वीरवार सुबह रेलवे लाइन किनारे करीब 30-35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि युवक का सिर पीछे से फटा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। मृतक के शरीर पर संतरी व लाल रंग की टी-शर्ट, लाल रंग की बनियान, नेवी ब्लू अंडर वियर, जॉकी का लॉवर, सफेद परणा मिला है।

### औद्योगिक क्षेत्र में खुले ठेकों को बंद कराने की मांग

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में जगह-जगह खुले शराब के ठेके क्षेत्र का माहौल खराब कर रहे हैं। शराब पीने के बाद लोग औद्योगिक क्षेत्र में हुडदंग करते हुए झगड़ा कर देते हैं। ऐसे में उद्योगपतियों को भी शराब के ठेके के पास से असुरक्षित माहौल में निकलना पड़ रहा है। इन समस्याओं को देखते हुए एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी के पदाधिकारियों एसडीएम डा. निर्मल नागर को एक शिकायत सौंपी।

### फैक्टरी में चोरी करने वाले पकड़े

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने फैक्टरी से चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामकिशोर व विशाल निवासी हरदोई उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि दूसरे आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।
प्रीतमपूरा दिल्ली निवासी अंकित ने गत 24 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी फैक्टरी कुंडली में है।

### हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जीत निवासी भडोला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
गांव सेवली निवासी अनिल ने गत 30 दिसंबर 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि इंस्टाग्राम पर उसका व वरूण का झगड़ा हो गया। उसके बाद इस संबंध में हमारा दोनों पक्षो का पंचायती तौर पर समझौता हो गया था।

### पोते पर दादी से मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार करने का मामला सामने आया है। पोते पर दादी से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगा है। बुजुर्ग महिला की बेटी ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोपों के चलते उपायुक्त ने की कार्रवाई

# लगातार मिल रही थी शिकायतें डीसी ने पटवारी को किया निलंबित

भत्ता प्राप्त करने के लिए कर्मचारी को शपथ पत्र देना होगा कि उन्होंने निलंबन अवधि के दौरान कोई निजी कारोबार नहीं किया : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने पट्टी मुसलमान के हलका पटवारी शांतनु को ड्यूटी में कोताही बरतने पर निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी को गुजारा भत्ता की अदायगी हरियाणा सिविल सेवाएं (सामान्य) नियमावली, 2016 के नियम 83 व 84 में वर्णित प्रावधान अनुसार की जाएगी। बता दें कि पटवारी शांतनु के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी। समाधान शिविर में भी कई बार शिकायतें मिली थी। उपायुक्त ने कहा कि भत्ता प्राप्त करने के लिए कर्मचारी को शपथ पत्र देना होगा कि उन्होंने निलंबन अवधि के दौरान कोई निजी कारोबार नहीं किया है।

### लगातार मिल रही थी शिकायतें

बताया गया है कि पटवारी शांतनु के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी। विशेषतौर पर लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने, फोन बंद रखने के आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा सरल केंद्र में पटवारियों की ड्यूटी लोगों की शिकायतें सुनने के लिये लगाई थी, वहां भी पटवानी शांतनु की कोई हाजिरी नहीं पाई गई। 1 जून से लगाई गई ड्यूटी में 25 जून तक सिर्फ 6 बार ही पटवारी शांतनु की हाजिरी पाई गई थी। वहीं समाधान शिविर में भी कई बार शिकायत सामने आई थी। इसके अलावा न्यू कॉलोनी के लोगों ने भी इंतकाल दर्ज ना करने पर पटवारी की शिकायत की थी।

निलंबन अवधि के दौरान कर्मचारी का मुख्यालय उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालय गोहाना निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी के साथ करें। ड्यूटी के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही व अनुशासहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

### आज आई 95 शिकायतें, 19 का ही समाधान हुआ

**सोनीपत।** प्रदेश सरकार के निर्देशों पर लघु सचिवालय में लगातार समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। वीरवार को भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर में कुल 95 शिकायतें आई। इसमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया। वहीं 78 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। दूसरी ओर आज तक की कुल शिकायतों की बात करें तो जिले में अब तक लगाए गए समाधान शिविरों में अब तक कुल 1199 शिकायतें आ चुकी हैं। इसमें से केवल 338 का ही समाधान मौके पर हो पाया है। अन्य 861 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। वीरवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने आमजन की 84 शिकायतें सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने में पूरा प्रशासन तालमेल के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का प्रत्येक कार्यदिवस आयोजन करवाया जा रहा है। नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर समाधान शिविरों में निरंतर पहुंच रहे हैं। जिला स्तर पर स्वयं उनके द्वारा शिकायतों की सुनवाई की जाती है और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। ऐसी शिकायतों का तुरंत मौके पर ही समाधान किया जाता है जिनका निदान मौके पर ही संभव है। इस मौके पर डीसीपी नरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

- लंबित की श्रेणी में रखी गई है 76 शिकायतें, लंबित शिकायतों का कुल आंकड़ा 861 पर पहुंचा



**सोनीपत।** समाधान शिविर में अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखते हुए लोग।

#### सबसे अधिक पीपीपी और आधार कार्ड की शिकायत

वीरवार को लगाए गए समाधान शिविर में सबसे अधिक 30 शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित मिली है। इनमें से केवल 6 का ही समाधान हो पाया, बाकि की 24 शिकायतों को लंबित रखा गया है। रजिस्ट्री व इंतकाल से संबंधित 12 शिकायतें आई, जिसमें से 3 का ही समाधान हुआ बाकि की 9 शिकायतें लंबित रखी गई हैं। इसके अलावा विकास से संबंधित 10 शिकायतें आई। जिनमें से केवल 1 शिकायत का ही समाधान संभव हो पाया, बाकि की 9 शिकायतों को लंबित श्रेणी में रखा गया है। वहीं अपराध से संबंधित 8 शिकायतों में से केवल 1 का ही समाधान हो पाया 7 लंबित रखी गई।



**खरखौदा।** सफाई व जल निकासी का निरीक्षण करते हुए एसडीएम श्वेता सुहाग।

## लचर जल निकासी व्यवस्था के चलते एसडीएम ने अफसरों पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

एसडीएम श्वेता सुहाग ने गुरुवार को खरखौदा की पानी निकासी व नालों की सफाई का निरीक्षण किया। दोनों ही मामलों में उन्हें संतोषजनक व्यवस्था नजर नहीं आई। उन्होंने लगभग 10 प्वाइंटों का निरीक्षण किया। जिनमें सोनीपत बाईपास, थाना कलां बाईपास, बाईपास रोड दिल्ली चौक, गोपालपुर तिराहा, बस स्टैंड के पीछे तालाब, रोहतक रोड, सांपला रोड बाईपास पर ड्रेन व मटिंडू रोड पर सफाई का निरीक्षण किया। लगभग सभी जगह व्यवस्था चौपट मिली। जिन पंप सेटों के जरिए पानी निकासी होती है, वे बंद मिले। नाले भी ठीक से साफ नहीं मिले। एसडीएम श्वेता सुहाग ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तुरंत प्रभाव से पानी निकासी की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए। सभी पंप सेटों को लगातार चलाने के निर्देश जारी दिए गए। साथ ही नालों की सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि पानी निकासी के मामले में कोताही बरती गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विवि ने दाखिले की अंतिम तिथि 3 जुलाई तक बढ़ाई

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह ने बताया कि बीपीएसएमवी के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स, खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी अब 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की मांग को देखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय द्वारा पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप तथा रोजगारपरक हैं।

## केमिकल के ड्रम में आग लगने से ऑटो कंपनी में लगी थी आग

- केमिकल रखने का नहीं था लाइसेंस, पुलिस ने चार आरोपितो के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


मुरथल स्थित ड्रग्स फैक्टरी के गोदाम में रखे केमिकल के ड्रम में लगी आग से करीब एक माह पहले ऑटो कंपनी में भी आग लग गई थी। जिससे कंपनी को करीब काफी नुकसान हुआ था। मामले को लेकर ऑटो कंपनी के मालिक ने पुलिस उपायुक्त को शिकायत दी थी। अब मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुरथल स्थित ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक सुरेश कुमार ने पुलिस उपायुक्त को बताया कि 28 मई को उनके पड़ोस में स्थित कोरल ड्रग्स कंपनी के गोदाम में आग लग गई थी। आग केमिकल के ड्रम में लगी थी। जिस कारण आग उनकी फैक्टरी तक पहुंच गई। जिससे उनकी फैक्टरी की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। दूसरी मंजिल में रखा मारुति की गाड़ियों का स्पेयर पार्टस जल गया था। उन्हें करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित का आरोप है कि गोदाम में केमिकल रखा गया था उसे वहां रखने का कोई लाइसेंस नहीं था। यहां तक की जिस प्लॉट में केमिकल रखा गया था, उसकी चहारदीवारी तक नहीं थी। यह एचएसआईआईडीसी के नियमों के खिलाफ है। मुरथल थाना पुलिस ने सुरेश कुमार राठी की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी जोगिंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बरोणा और सोहटी में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी की ध्वस्त

- प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण की सरकार से अनुमति ली है या नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए जेसीबी।

- 40 डीपीसी, 5 बाउंड्री वाल, 2 निमार्णाधीन लेबर क्वार्टर, 4 निमार्णाधीन प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस तोड़े

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरूवार को खरखौदा उपमंडल के गांव बरोणा और सोहटी में 19 एकड़ जमीन में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 40 डीपीसी, 5 बाउंड्री वाल, 2 निमार्णाधीन लेबर क्वार्टर, 4 निमार्णाधीन प्रॉपर्टी डीलर ऑफिसों को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नरेश ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें, क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार अधिकारी का कहना है कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है, तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्त्री रोग विशेषज्ञ की ओपीडी बंद होने पर हंगामा

- महिला मरीजों में हुई तू-तू मैं-मैं
- झगड़े की सूचना मिलते ही प्रबंधन ने महिला चिकित्सक को ओपीडी में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल बृहस्पतिवार दोपहर दोपहर स्त्री रोग विशेषज्ञ की ओपीडी सवा घंटे बंद रही। काफी देर तक ओपीडी दोबारा शुरू नहीं है। चिकित्सक के आने के इंतजार में लाइन में खड़ी महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान महिलाओं के बीच अपने नंबर आने को लेकर तू-तू मैं-मैं भी हो गई। महिलाओं के झगड़े की सूचना मिलने के बाद दूसरी चिकित्सक को ओपीडी कक्ष में बैठाया गया। दोपहर डेढ़ बजे दोबारा ओपीडी शुरू होने पर महिलाओं को राहत मिल सकी। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वह दूर-दराज क्षेत्र से उपचार के लिए आई है, घंटों लाइन में खड़ी होने के बाद भी उन्हें समय पर उपचार नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 23 में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ज्योति की ओपीडी होती थी। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12.15 बजे डा. ज्योति को ट्रेनिंग सेंटर में हुई बैठक जाना पड़ा। जिसके चलते उनकी ओपीडी बंद हो गई। ओपीडी बंद होने के चलते बाहर इलाज के लिए खड़ी महिलाओं को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इस बीच गर्मी होने के कारण लाइन में अपने नंबर पर खड़ी महिलाओं के बीच झगड़ा हो गया। ऐसे में महिलाओं ने विभाग के खिलाफ रोष भी जताया। स्त्री रोग विशेषज्ञ की ओपीडी बंद होने की जानकारी के सवा घंटे बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ज्योत्सना को ओपीडी में बैठाया गया। जिसके बाद महिलाओं को राहत मिल सकी।



**सोनीपत।** इंतजार में बैठी महिलाएं।

#### चिकित्सक को बैठक में जाना पड़ा

विभागीय कार्यों की जिम्मेदारी भी चिकित्सकों को निभानी पड़ती है। जिसके चलते चिकित्सक को अचानक बैठक में जाना पड़ा। जिसके चलते कुछ देर के लिए ओपीडी बाधित हो गई थी। सूचना मिलते ही दूसरी महिला चिकित्सक की ओपीडी में ड्यूटी लगा दी। मरीजों के लिए हर संभव बेहत्तर प्रयास प्रबंधन की तरफ से किया जाता है। ताकि किसी को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।
-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## ठेके पर कार्यरत कर्मियों के लिए मांगा पेरोल

- सफाई कर्मचारियों ने उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त को सौंपा गया है ज्ञापन, 1 जुलाई से आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग, बली सेना के तत्वावधान में कर्मचारियों ने वीरवार को उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पालिका, परिषद, नगर निगम में मैन पावर के ठेके पर लगे कर्मचारियों को पेरोल पर करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर आंदोलन किया गया था। उस समय सरकार के साथ बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश सरकार ने मैन पावर के ठेके पर लगे कर्मचारियों को पेरोल पर करने का फैसला लिया था। जिसके संदर्भ में 2018 और 2019 में प्रदेश सरकार द्वारा पत्र भी जारी किया गया था। पत्र जारी होने के बाद काफी समय बीत गया है, इसके बावजूद नगर निगम सोनीपत में ठेके के तहत कार्यरत कर्मचारियों को आज तक पेरोल पर नहीं लिया गया है। इसको लेकर कर्मचारियों में रोष है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि इस संदर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो सभी कर्मचारी 1 जुलाई से आंदोलन शुरू कर देंगे। इस दौरान प्रधान मुकेश टांक, सचिव सावन कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल, उपप्रधान रविंद्र, सह-सचिव बलजीत मौजूद रहे।




**सोनीपत।** ज्ञापन देने के लिये लघु सचिवालय पहुंचें मंच के पदाधिकारी।

दिसंबर में टेंडर लगा था तो जनवरी में कर दी थी नालों की पूरी तरह से सफाईः एम ई शर्मा

## नालों की सफाई के बाद भी बरसात से जलमग्न रहा रेलवे रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के मुख्य रेलवे रोड पर नालों की सफाई पर नगरपालिका द्वारा 14 लाख रुपएं का टैंडर लगाने के बाद नालों की पूरी तरह से सफाई के बावजूद वीरवार को हुई बरसात ने नगरपालिका के सफाई के दावों की पोल खोल दी। शहर के लोगों ने नगरपालिका पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर शहर में ठीक ढंग से नालों की सफाई होती तो बरसात होने के 10 घंटे बाद भी रेलवे रोड देवीलाल चौक से गढ़ी केसरी मोड़ तक ऐसे हालत रहे कि जलभराव के कारण तालाब जैसी स्थिति दिखाई दी। सफाई के ये हालात है कि रेलवे रोड पर कई जगह पर नालों में गंदगी भरी हुई है। दुकानदारों द्वारा नाले पर किए गए अवैध कब्जों को तोड़कर सफाई नही की गई। दुकानदारों का कहना कि बरसात के पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था व नालों की सफाई न होने के कारण उनकी दुकानों के आगे इतना पानी खड़ा रहता है कि एक या दो दिन उनकी दुकानदारी प्रभावित रहती है। अब तो हालत पहले से भी बदतर हो गई है। बरसात होने के कुछ घंटे बाद नालों से रेलवे रोड का पानी उतर जाता था लेकिन वीरवार को सुबह हुई बरसात का पानी पूरा दिन सड़क पर भरा रहा।



**गन्नौर।** सुबह हुई बरसात के बाद शाम को रेलवे रोड पर भरा बरसात का पानी।

#### जितनी नालों की सफाई होनी थी हमने कर दीः जयदेव

नगरपालिका के एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि जितनी नाले की सफाई होनी थी, हमने कर दी है। मलबा निकाल दिया है। नालों की सफाई के लिए 14 लाख का टैंडर दिसंबर माह में लगाया था। नाले से मलबा निकालने का 5 लाख, नालों पर स्लैब तोड़ने व अन्य कार्य भी शामिल थे। जितना मलबा निकाला उसकी फोटो, वीडियों है। नपा एमई ने कहा कि मेजरमेंट के बाद ही पता चल पाएगा कि कितने प्रसेंट सफाई का काम पूरा हो गया है। दिसंबर में टैंडर हुआ था और जनवरी में सफाई कर दी थी। ठेकेदार के आदमी हमने अब भी लगा रखे है।

#### तेज बरसात में क्या होगा

वीरवार को सुबह हुई बरसात में जिस तरह से रेलवे रोड पर पूरा दिन जलभराव के हालात रहे। लोग प्रशासन को कोसते रहे। शाम तक भी दर्जनों दुकानों के आगे जलभराव की स्थिति रही। ऐसे में दुकानदारों का कहना था कि जब तेज बरसात होगी तो शहर के हालात जलभराव से इतने बुरे हो जाएंगे कि लोगों का वाहनों से भी निकलना मुश्किल हो जाएगा।

चौ. छोटूराम मैमोरियल सोसायटी (चौ. छोटूराम स्मारक समिति)
गोहाना रोड, सोनीपत - 131001 मो. 9896884930

चौ. छोटूराम स्मारक समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव निम्नलिखित तिथि के अनुसार किया जाना तय किया गया है।

1. नामांकन भरने की तिथि : 25.07.2024 (प्रात: 10:00 से सायं 4:00 बजे तक)
2. नामांकन वापिस लेने की तिथि: 27.07.2024
3. चुनाव की तिथि : 18.08.2024 (प्रात: 10:00 से सायं 4:00 बजे तक)
4. चुनाव परिणाम की तिथि : 18.08.2024 (सायं 5:00 बजे)

डा. दलीप सिंह
चुनाव अधिकारी



विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून

बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतूहल जगाते रहे हैं। जानों, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन

बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।




## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

**क्षुद्र-ग्रह** बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स



की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।

**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी



है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *

## खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

**स्कूल खुलने** पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर** : मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन** : तरबूजा।
**टीचर** : ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
**रोहन** : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।

-आकाश, रोहतक

**चिंटू** : मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी** : 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।

-अमन, रायपुर



**पप्पू** : पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू** : समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।


-हितेन, भोपाल

कहानी

पवन कुमार वर्मा

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?

# मुर्गों की आपात बैठक



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।


'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता

शिवचरण चौहान




## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





निशिता, दिल्ली



दिव्यांश, दुर्ग



दिव्या, बिलासपुर



डॉली, मटियारी



दीक्षा, रायपुर



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद


## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

## खबर संक्षेप

### दुकानदार से लूटपाट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बेरी।** पुलिस की एक टीम द्वारा कबाड़ी की दुकान से लूटपाट करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी प्रभारी सतवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय निवासी काठमंडी रोहतक के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए अदालत झज्जर में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अग्निवीर रिक्रूटमेंट रैली दस जुलाई से रोहतक में

**झज्जर।** भारतीय सेना के भर्ती निदेशक ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन रोहतक स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में दस जुलाई से 15 जुलाई तक किया जाएगा। इस दौरान सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर कार्यालय सहायक व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडमैन दसवीं पास व अग्निवीर ट्रेडमैन आठवीं पास, अग्निवीर जनरल ड्यूटी पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी योग्य उम्मीदवार जिन्होंने कॉमन एंट्रेंस टेस्ट पास कर लिया है, वे अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें।

### संस्कृत के विकास के प्रति सजगता जरूरी

**बहादुरगढ़।** संस्कृत भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन नितांत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी संस्कृत के विकास के प्रति सजग होना चाहिए। यह कहना है डॉ. सीमा का। वीरवार को शहर के बालौर रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कई स्कूलों में बच्चों को बोलचाल की भाषा के तौर पर संस्कृत को प्रयोग होते देख मुझे बहुत खुशी महसूस होती है। संस्कृत भाषा सदैव हमारी पथ प्रदर्शक रही है। यदि इस भाषा को हम वाक व्यवहार में लाते तो देवत्व हमारे अंदर स्वयं आ जाता।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल की पहचान कीर्तिमान के रूप में हुई है। कीर्तिमान का कहना है कि वह सेक्टर-13 में बिजली का काम करके घर लौट रहा था। जब रोहतक-दिल्ली रोड पर पहुंचा तो एक स्कूटी सवार ने साइड मार दी। टक्कर लगने के बाद मैं बाइक सहित गिर गया। मुझे सिर सहित अन्य हिस्सों में चोट आई। बेहोश हो गया। जब होश आया तो अस्पताल में था। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान लिए।

### गोशाला संस्थापक पर चलाई गोली, बाल-बाल बची जान

**झज्जर।** समसपुर में एक युवक द्वारा शहर के गुरुग्राम मार्ग स्थित गोकुल धाम गौ सेवा महातीर्थ के संस्थापक सुनील निमाणा पर गोली चला कर जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत में सुनील ने बताया कि वह साथी धनन्जय व ड्राईवर मंजीत के साथ समसपुर माजरा में रस्म तेरहवीं कार्यक्रम में गया था।

# बरसाती सीजन में गंदा पानी और दूषित भोजन से बढ़ेगा डायरिया का खतरा

## जिला स्वास्थ्य विभाग दो महीने तक चलाएगा स्टॉप डायरिया कैंपेन

- हर हेल्थ सेंटर पर तीन दिन में तैयार किए जाएंगे ओआरटी सेंटर, नि :शुल्क मिलेगे ओआरएस व जिंक की गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जिले में डायरिया फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की तरफ से डायरिया से बचने व जागरूक करने के लिए विभाग की तरफ से कैंपेन शुरू किया जायेगा। विभाग की तरफ से शुरू किए जा रहे कैंपेन को इस बार दो माह के लिए रखा गया है। पहले यह कैंपेन महज 15 दिन के लिए होता था। लेकिन इस बार यह कैंपेन दो महीने अर्थात जुलाई व अगस्त तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी दवाओं की डिमांड भी कर दी है। ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़ा। रेनी सीजन में लोगों को उल्टी व दस्त हो जाते हैं। जिसे शरीर में बेहद कमजोरी आ जाती है। यहीं नहीं छोटे बच्चों के लिए यह बेहद खतरनाक होता है। कई बार समय पर केयर न होने पर बच्चे की जान तक चली जाती है। ऐसे में लोगों की सुविधा के लिए तीन दिन के अंदर सभी हेल्थ सेंटर के अंदर ओआरटी सेंटर स्थापित कर दिए जाएंगे। इन सेंटर पर लोगों को निशुल्क में ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोली मिलेंगी। जिले में डायरिया को रोकने के लिए विभाग की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रही है। उल्टी व दस्त होने पर शरीर में आई कमजोरी से लोग चल भी नहीं पाते। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग निशुल्क ओआरएस व जिंक की गोली देता है। जिससे शरीर में पानी की पूर्ति होती है ओर कमजोरी दूर होती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉप डायरिया अभियान के तहत डेढ़ लाख ओआरएस के पैकेट व 20 हजार जिंक की गोली मंगवाई है।

### डायरिया से निपटने की पूरी तैयारी



यमुना क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ आने का अंदेशा रहता है। पहले इन क्षेत्र में बाढ़ आती रही है। ऐसे में इन क्षेत्र पर उनका पूरा फोक्स रहेगा कि यहां पर डायरिया को कोई केस न आ सके। इसके लिए यहां पर लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके साथ जिन क्षेत्र से पहले डायरिया के केस आए हैं वहां पर भी नजर रखी जाएगी। स्टॉप डायरिया अभियान एक जुलाई से शुरू होगा। लोगों से अपील है कि वह उल्टी व दस्त होने पर तुरंत निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाएं। *डा. नीरज यादव, डिप्टी सिविल सर्जन सोनीपत।*

### डायरिया से कैसे करें बचाव

- खाना खाने से पहले हाथों को साबुन से साफ करें।
- खाने को ढक कर रखें ओर बासी भोजन न खाएं।
- साफ स्वच्छ पानी पीएं, पानी को अधिक मात्र में पीएं।

## पाइप नाले के ऊपर डलने थे लेकिन डाल दिए नीचे

# नवनिर्मित गली में बिना लेवल दबाई पानी निकासी की लाइन

## सरकार खर्च कर रही लाखों रुपये, अधिकारियों की अनदेखी व ठेकेदार की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





प्रदेश सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए कालोनियों को वैध करके उनमें रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए गली व गंदे पानी निकासी के लिए लाखों रुपये के टेंडर लगवाकर काम शुरू करवा दिया है लेकिन अधिकारियों की अनदेखी व ठेकेदार की मनमानी के कारण गंदे पानी निकासी की पाईप लाईन ठीक लेवल से नही दबाई जा रही है। गली के लोगों ने बताया कि काफी लंबे समय से वे कच्ची गली से परेशान थे। अब गली निर्माण व गंदे पानी की निकासी का समाधान हो रहा है तो उन्हें अब डर है कि कही अधिकारियों व ठेकेदार की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाजा उठाई तो कही उनकी गली का निर्माण बंद न कर दे। ऐसे में उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ठेकेदार जो काम करता है। उसकों देखने के लिए अधिकारी भी होते है। जिस तरह से उनकी गली में पाईप दबा दिए है, उसे लगता है कि उनकी गली में हो रहे निर्माण को देखने वाला कोई नही है। गली के लोगों ने विधायक निर्मल चौधरी से मांग की है कि वे गली निर्माण का मुआयना कर गंदे पानी निकासी के लिए दबाए जा रहे पाईप लाईन का लेवल चैक करवाएं। लेवल ठीक नही करवाया तो मुख्य नाले का पानी उनकी गली में दबाए पाईपों में जाना शुरू हो जाएगा।

### पानी निकासी पाइप का लेवल ठीक नहीं तो ठेकेदार को पेंमेंट नही होगी : एमई

नगरपालिका के एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि अगर नालों का लेवल मुख्य नाले के हिसाब से नही लिया है तो गलत है। ठेकेदार की पैमेंट करने से पहले नालों का लेवल नाले में पानी डालकर चैक करवाया जाएगा। अगर पाईपों से नाले में पानी नही गया तो ठेकेदार की पैमेंट रोक दी जाएगी। पाईप भी एनपीथ्री ईएसआई मार्का के है। इसके अलावा गली निर्माण के लिए जहां जरूरत है गली में टाप वाल दिवार ठेकेदार बनाएगा।

### जल्दी में मिट्टी डालकर ढक दिया लाइन को

लोगों का कहना कि टेंडर में पाईप दबाने का जो नियम बनाया गया, उसी हिसाब से न तो पहले लेवल किया गया और न बेहतर ढंग से बैड बनाया। बैड निर्माण में सामग्री की भी गुणवता कम है। इतना ही जल्दी ही दबाकर उसे मिट्टी से ढक दिया और उक्त पाईपों के कनेक्शन मुख्य नाले में भी कर दिए।

# नई शिक्षा नीति की जानकारी दी

- जैन विद्या मंदिर विद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सेमिनार के उपरांत प्रतिभागी अध्यापकों के साथ मुख्य वक्ता एवं अन्य।

जैन विद्या मंदिर विद्यालय में अध्यापकों को नई शिक्षा नीति की जानकारी देने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार आशुतोष राय द्वारा संचालित किया गया। इन्होंने 300 से भी ज्यादा सेमिनार द्वारा अध्यापकों को लाभान्वित किया है।

इस सेमिनार में सद्ध 2022-2023 के पंच पदा और पंचकोषा के विषय में बताया गया। अध्यापकों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार से बच्चों को पढ़ाई के साथ - साथ उन्हें उनके कैरियर के विषय में भी जानकारी दे सकते हैं। पढ़ाई को उदासीन न बनाकर उसे खेल-खेल में सिखाकर रूचिकर बना सकते हैं। पढ़ाई का उद्देश्य बच्चों में आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ उसे जीवन से भी जोड़ना है। अध्यापकों को विभिन्न कार्यकलापों द्वारा पढ़ाई को रूचिकर बनाने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में अध्यापकों की शंकाओं का भी समाधान किया गया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, सचिव शशि भूषण जैन, व प्राचार्या डॉ. नीरू ने आशुतोष राय का महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया।



**बहादुरगढ़।** सोलधा में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेंद्र सिंह जून।

### सोलधा में सवा नौ लाख में बनेगी गली

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र सिंह जून ने वीरवार को गांव सोलधा में विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत गली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। गांव में शिव मंदिर से दादा मालदे मंदिर तक 9 लाख 25 हजार रुपए की धनराशि से गली बनेगी। विधायक जून ने अधिकारियों व ठेकेदार को गली का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गली का निर्माण टेंडर के तय मानकों के अनुसार किया जाए। सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप काजला ने विधायक राजेंद्र जून का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नरेश जून, पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, पूर्व सरपंच जोगेंद्र, सोमबीर, कप्तान, जयपाल, ओमप्रकाश, कैप्टन रामपाल, अन्ना, आनंद आदि मौजूद रहे। इसके उपरांत जून ने अपने कार्यालय पर जन समस्याएं सुनीं ।

### 1056 यूनिट रक्त जुटाने पर लायंस क्लब गन्नौर के प्रधान सम्मानित

**गन्नौर।** लायंस ब्लड बैंक शालीमार बाग द्वारा सत्र 2023-24 के लिए में सर्वाधिक रक्तदान करने पर लायंस क्लब गन्नौर के प्रधान लायंस विकास भगवती को सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 में विकास भगवती ने सदस्यों के सहयोग से 1056 यूनिट रक्त जुटाया। जनपदपाल बीबी दूआ ने विकास भगवती को गवर्नर मेडल व इंटरनेशनल सर्टिफिकेट से नवाजा। बीबी दूआ ने कहा कि लायंस क्लब गन्नौर के सभी सदस्यों का सहयोग बहुत अच्छा रहा। ऐसे सदस्यों की बदौलत लायंस क्लब रक्त की कमी को पूरा करने में सक्षम है। इस अवसर पर लायंस ब्लड बैंक के प्रधान लायन मुकेश गोयल द्वारा एक स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र के द्वारा प्रधान विकास भगवती का सम्मान किया गया। इस अवसर पर लायंस ब्लड बैंक के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महाराजा रणजीत सिंह को किया याद

- महाराजा रणजीत सिंह की 185वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



महाराजा रणजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते नागरिक।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव रणदीप मलिक ने गुरुवार को कहा कि 40 वर्ष तक शासन करने वाले महाराजा रणजीत सिंह ने अपने जीते-जी अंग्रेजों को पंजाब के पास फटकने भी नहीं दिया। उनके अनुसार वह शेर-ए-पंजाब के नाम से प्रसिद्ध थे।

रणदीप मलिक रोहतक रोड पर स्थित अपने कार्यालय में महाराजा रणजीत सिंह की 185वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। उनके अनुसार महाराजा रणजीत सिंह अद्भुत शौर्य और पराक्रम के धनी थे। चेचक की बीमारी के चलते बचपन में उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। वह कहते थे कि भगवान ने मुझे एक आंख दी है, इस लिए मैं हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई और अमीर-गरीब सब को एक नजर से देखता हूं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह ने 40 साल तक शासन किया। उन्होंने पंजाब को एक सशक्त सूबे के रूप में विकसित किया। उनकी राजधानी लाहौर थी। उनका देहांत 29 जून 1839 को हुआ। इस अवसर पर आजाद सिंह दांगी, राजपाल कश्यप, सतबीर पौडिया, राजमल मलिक, रविंद्र मलिक आदि भी उपस्थित रहे।

# गर्वित को बेस्ट स्केटर्स अवॉर्ड, सम्मानित किया

## साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन ने गर्वित को शिल्ड देकर सम्मानित किया

- जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ से बेस्ट स्केट्र्स की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** गर्वित को सम्मानित करते दिलबाग सिंह खत्री साथ हैं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

सोनीपत रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ बेस्ट स्केट्र्स की सूची जारी की। जिसमें साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के छात्र गर्वित को एकेडमी बेस्ट स्केट्र्स के अवॉर्ड से नवाजा गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने गर्वित को शिल्ड देकर सम्मानित किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह ने बताया कि साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के चौथी कक्षा के छात्र गर्वित का विभिन्न स्केटिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन रहा है। गर्वित की खेल प्रतिभा के आधार पर ही सोनीपत रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ से गर्वित को एकेडमी बेस्ट स्केट्र्स घोषित किया। उन्होंने गर्वित को सफलता की बधाई देते हुए निरंतर कड़ा अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। साउथ पॉइंट संस्थान के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने गर्वित की सफलता पर बधाई दी। साउथ पॉइंट स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने गर्वित की सफलता पर बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी अपने पसंदीदा खेल में प्रतिभागिता करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# सीएम के दरबार में पहुंची नगर परिषद के भ्रष्टाचार की शिकायत

- हरिभूमि में 25 जून को प्रकाशित हुआ था एक्सक्लूजिव समाचार, पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने सीएम से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी को शिकायत सौंपते ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

दैनिक हरिभूमि के 25 जून के अंक में 'अवैध कॉलोनाइजर को अनुचित लाभः सुभाष नगर की नई प्लॉटिंग में बना दी सीसी सड़क' शीर्षक से छपे समाचार से संबंधित शिकायत सीएम दरबार तक पहुंच गई है। विदित है कि नगर परिषद द्वारा लाइनपार क्षेत्र में खेतों के बीचोंबीच विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में लाखों रुपए खर्च कर सड़क बना दी गई। गुरुग्राम में जनसमस्याएं सुनने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने इस संबंध में लिखित शिकायत दी है।

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को बताया कि अवैध इलाके में प्लॉटिंग कर रहे कॉलोनाइजरों को को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए सीसी गलियां बनाई जा रही हैं। जबकि जहां जनता मूलभूत सुविधाओं को तरस रहीं हैं, वहां कोई कार्य नहीं होता। उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यूपी सरकार की तर्ज पर अपराधियों का सफाया करने की अपील की।

## यातायात पुलिस ने नो-पार्किंग में खड़े 20 वाहनों के चालान किए

# नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन क्रेन से उठाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** नो-पार्किंग में खड़ी कार को उठाती क्रेन। फोटो : हरिभूमि

शहर की सड़कों पर व्याप्त अवैध पार्किंग की समस्या पर पुलिस ने संज्ञान ले लिया है। नो-पार्किंग जोन में खड़े होने वाले वाहन क्रेन से उठाए जाएंगे। वीरवार को पुलिस ने सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा। इस दौरान नो-पार्किंग जोन में खड़े 20 वाहन चालकों के चालान किए गए। कई वाहन भी इंपाउंड किए गए

दरअसल, शहर की सड़कों, बाजारों में अवैध पार्किंग की समस्या आम है। लोग सड़क पर नो-पार्किंग जोन में आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर देते हैं। इस वजह से सड़क की चौड़ाई घट जाती है और यातायात बाधित हो जाता है। जाम की स्थिति पैदा होने लगती है। इतना ही नहीं, पैदल राहगीरों को भी आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों द्वारा लगातार पुलिस प्रशासन से इस मामले में संज्ञान लेने की मांग उठाई जा रही थी। यातायात पर्यवेक्षक एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ के दिशा नर्दिश पर कार्रवाई की जा रही है। वीरवार को यातायात प्रबंधक विकास कुमार की टीम ने नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई की।

कुल 20 वाहनों के चालान किए गए। बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन भी इंपाउंड किए गए। इनके अलावा गलत दिशा में वाहन चलाने के 20, लेन चेंज के 13, बुलेट पटाखा दो और ब्लैक फ़ल्मि का एक चालान किया गया। यातायात थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि लोग यातायात नियमों का पालन करें। व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। यदि कोई नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करता है तो चालान किया जाएगा। साथ ही क्रेन के जरिये वाहन उठा लिया जाएगा। इसलिए नियमों का पालन करें।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने सीखी 3डी पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग

**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के 27वें दिन वीरवार को सीता और गायत्री ने विधार्थियो को अलग अलग तरह की क्लात्मक वस्तुए बनाना सिखाया। बच्चों ने सीखी, जैसे 3डी पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, वेस्ट मैटेरियल से क्रॉफ्ट, प्लास्टर ऑफ पैरिस की टाइल पर हरियाणा की संस्कृति को दर्शाया व अनेक प्रकार की कलाएं सीखी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल खटटर शिविर की संयोजक डॉ. सुनीता ढूंल ने शिविर का निरीक्षण किया। डॉ. सुनीता ढूल ने बताया कि यह टावर उत्सव गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के लिए अपने अंदर छुपी हुई कला को दिखाने के लिए वह उसे निखारने के लिए एक सुनहरा मौका है।



### अभियान चलाकर रोपित किए 10 पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा रोहतक रोड वाले पार्कों में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगबीर मलिक ने पौधा लगाकर किया अभियान को शुरू किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में बेलगरी, आंवला, नीम के 10 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया कि इस मुहिम को एक जनआन्दोलन बनाए। इस अवसर पर समाज सेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, गणित प्रवक्ता संजय सिंह, मास्टर सुरेंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, विकास दहिया, सत्यवान, नील दहिया, बिजेंद्र ढुल, श्रीभगवान, राजिंद्र, जय मुखर्जी, रोहतास दहिया, रणजीत माली आदि उपस्थित रहे।

## मिशन बुनियाद : 3 जुलाई से शुरू होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम, 9 चरणों में आयोजन

# आज से शुरू होगी काउंसलिंग, पहले आओ-पहले पाओ होगा आधार

- केंद्र आवंटित करने के लिए विद्यार्थियों के पहले पहुंचनें का बनाया गया आधार
- 191 विद्यार्थियों ने उतीर्ण की थी बुनियाद परीक्षा, 161 का हुआ था चयन, 30 प्रतीक्षा सूची में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद जिसके तहत विद्यार्थियों को नीट व जेईई की कोचिंग दी जाती है, उसके लिये काउंसलिंग का काम शुक्रवार से शुरू कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के बाद से मिशन बुनियाद कार्यक्रम के सत्र 2024-26 के लिए प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों का दाखिले को लेकर इंतजार भी खत्म हो गया है। विद्यार्थियों के दाखिले के लिए शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश परामर्श सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पसंदीदा केंद्र आवंटित किए जाएंगे। सुबह आठ बजे से शुरू होने वाली प्रक्रिया में विद्यार्थियों को जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचाना अनिवार्य रहेगा।

बता दें कि बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा 26 अप्रैल को आयोजित की गई थी। जिसमें 223 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। हालांकि परीक्षा में 191 विद्यार्थी ही शामिल हुए थे। जबकि 32 गैर हाजिर रहे थे। 26 मई को जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 161 विद्यार्थियों ने बाजी मारी थी, जबकि 30 विद्यार्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा गया था। निदेशालय की ओर से जारी निदेशार्ं के अनुसार बुनियाद कार्यक्रम के तहत चयनित कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों का दाखिला उन्हें अलॉट किए गए बुनियाद केंद्र में करवाया जाना है। इन विद्यार्थियों को बुनियाद केंद्रों में नीट व जेईई की दो वर्ष के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

### कितने विद्यार्थियों का हुआ चयन

| खंड | परीक्षार्थी | चयनित | प्रतिक्षा सूची में शामिल |
|---|---|---|---|
| गन्नौर | 34 | 30 | 04 |
| गोहाना | 22 | 14 | 08 |
| कथूरा | 18 | 12 | 06 |
| खरखौदा | 17 | 15 | 02 |
| मुंडलाना | 27 | 21 | 06 |
| राई | 33 | 32 | 01 |
| सोनीपत | 40 | 37 | 03 |
| कुल | 191 | 161 | 30 |

### जिले में यहां बनाए गए हैं केंद्र

**खंड बुनियाद केंद्र**

| खंड | बुनियाद केंद्र |
|---|---|
| गोहाना : | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय |
| गन्नौर : | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर |
| सोनीपत : | राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन |
| राई : | राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीसवांमील |

### ले जाने होंगे ये दस्तावेज

**हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंधित केंद्र :** स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र , परिवार पहचान पत्र, विद्यार्थी व अभिभावक का आधार कार्ड, आठवीं कक्षा की अंकतालिका, बुनियाद लेवल-3 का परिणाम-पत्र, तीन पासपोर्ट साइज फोटो व बैंक पासबुक की फोटो प्रति।

**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबंधित केंद्र :** स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र, परिवार पहचान पत्र, विद्यार्थी व अभिभावकों का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आठवीं कक्षा की अंकतालिका, बुनियाद लेवल-3 का परिणाम-पत्र, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की फोटो प्रति।

### प्रवेश परामर्श शिविर आज

मिशन बुनियाद कार्यक्रम के नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश परामर्श सत्र आयोजित किया जाएगा। जहां बुनियाद के उत्तीर्ण विद्यार्थियों पहले आओ पहले पाओ के आधार पर केंद्र आवंटित किए गए। सुबह आठ बजे सत्र की शुरूआत की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को समय पर पहुंचकर दस्तावेज सत्यापित करवाने होंगे। अगर किसी दस्तावेज की कमी है तो वह बाद में जमा करवा सकते हैं, लेकिन प्रवेश परामर्श सत्र में पहुंचने अनिवार्य होगा।

**- सुरेंद्र सिंह,** जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत



**गोहाना।** अधिकारियों के साथ ड्रेनों पर बाढ़ नियंत्रण कार्यों का जायजा लेते हुए एसडीएम विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

## बाढ़ नियंत्रण कार्यों में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : एसडीएम

- शहर में बाढ़ नियंत्रण कार्यों का लिया जायजा, एसडीएम विवेक आर्य ने किया ड्रेन नंबर-8 व 3 का निरीक्षण
- बाढ़ नियंत्रण कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं ताकि बरसात के समय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

शहर में बाढ़ नियंत्रण कार्यों का जायजा लेने के लिए एसडीएम विवेक आर्य ने ड्रेन नंबर-8 व 3 को निरीक्षण करते हुए ड्रेन की सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों की बारिकी से जांच की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेन में किसी प्रकार की रूकावट नहीं होनी चाहिए ताकि बरसात के समय पानी आसानी से आगे जा सके। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

बाढ़ नियंत्रण कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं ताकि बरसात के समय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए। एसडीएम ने कहा कि बरसात के समय शहर या किसी गांव में पानी नहीं इकट्ठा होना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग पूरी तैयारी रखें। जहां भी पानी की निकासी के लिए पंपों की जरूरत है वहां अभी से लगा दें ताकि जरूरत पड़ने उनको शीघ्र चालू किया जा सके। इस मौके पर सिंचाई विभाग के एक्सईएन पुनीत साहनी, एसडीओ अक्षय, मैकेनिकल विभाग से एसडीओ सुजीता व विनोद कुमार मौजूद रहे।

## मुलभूत सुविधाओं को लेकर जो राजनीति करे वह नेता नहीं जनता का गद्दार : गौतम

- आप लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने की पत्रकारवार्ता, कहा- बीजेपी और कांग्रेस की राजनीति के बीच पिस रही जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए देवेंद्र गौतम साथ में अन्य पदाधिकारी।

आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही जनहित के मुद्दों को लेकर राजनीति करते नजर आते है। जो नेता जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करवाने के बजाय उस पर राजनीति करता है तो वो नेता नहीं जनता का गद्दार है। ऐसे नेताओं को जनता पहचान चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में इस पर मुहर लगाने का काम सोनीपत की जनता करेगी। देवेंद्र गौतम गुरुवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सोनीपत के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार होता आ रहा है। पिछले 20 वर्षो से हरियाणा में 10-10 वर्ष बीजेपी और कांग्रेस ने शासन किया है। सोनीपत से ही दोनों सरकारों में मंत्री भी रहे। उसके बावजूद सोनीपत नगर वासियों को अपनी बुनयादी जरूरतों के लिए भी जुझना पड़ रहा है। जनता को मुलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर ड्रेन नम्बर 6 का निर्माण पिछली सरकार में शुरू हुआ था लेकिन आज तक वो लटका हुआ है।

देवेन्द्र गौतम ने बताया की आम आदमी पार्टी हरियाणा की सभी 90 विधानसभा पर मजबूत और अकेले चुनाव लड़ने पर काम शुरू कर चुकी है। सोनीपत लोकसभा की सभी 9 विधानसभा पर ब्लॉक स्तर पर मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अमरदत्त भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चुघ, वार्ड अध्यक्ष योगेश, शेर मोहम्मद, अशोक, हिमांशु, अंकित आदि मौजूद रहे।

## महिला व उसके परिजनों पर मिर्च का स्प्रे कर सामान व नकदी चोरी

### पीड़ित महिला ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बढ़मलिक स्थित केएमपी पुल के पास कार सवार महिला व परिजनों पर मिर्च स्प्रे फेंक कर बाइक सवार दो युवक नकदी व सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक सवारों की पहचान का प्रयास कर रही है।

गुरुग्राम के ग्वाल पहाड़ी वैली व्यू इस्टेट की रहने वाली स्वाति ने पुलिस को बताया कि वह परिजनों संग मनाली घूमने गई थीं। परिवार के सदस्य दो कारों में सवार होकर गुरुग्राम लौट रहे थे। एक कार को स्वाति चला रही थी, जबकि दूसरी को उनके पति अखिलेश चला रहे थे। स्वाति के साथ उनकी मां और अन्य महिला सवार थी। जबकि दूसरी कार में घर के पुरुष सदस्य थे। जब वह केएमपी पर पहुंचे तो पानी लेने के लिए दुकान के पास कार रोक ली। इसी बीच एक बाइक स्वाति की कार के पास आकर रुकी। बाइक पर दो युवक सवार थे।

उन्होंने कार के अंदर मिर्च स्प्रे फेंक दिया। जिससे स्वाति, उनकी मां और अन्य महिलाओं की आंखों में जलन होने लगी। जब तक वह संभल पाती बाइक सवार कार से बैग लेकर भाग गए। बैग में छह हजार रुपये, चांदी का सिक्का, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड और अन्य कागजात थे। थाना राई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई अजमेर ने बताया कि जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

### शहर के वार्ड 9 व वार्ड 13 में गलियां होंगी पक्की



गोहाना। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी वार्ड 13 में गली का शिलान्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा वार्ड 9 व वार्ड 13 में गलियों को पक्का करवाया जाएगा। दोनों वार्डों में गलियों के निर्माण पर 13.5 लाख रुपये खर्च होंगे। दोनों वार्डों में 5 नई गलियां बनेंगी। वार्ड निवाससियों की सुविधा के लिए नप द्वारा इंटरलॉक टाइलों से गलियों को पक्का करवाया जाएगा। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोडकर दोनों वार्डों में गलियों का शिलान्यास किया। वार्ड 9 में शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता नगर पार्षद मुकेश ने की। इस वार्ड में गली निर्माण पर 3.5 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड 13 में गलियों के शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता नगर पार्षद भगवती की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस वार्ड में 4 गलियां पक्की होंगी। चारों गलियों के निर्माण पर 10 लाख रुपये खर्च होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपये की चोरी, मुकदमा दर्ज

- कार से चेकबुक व कागजात चोरी कर ले गए चोर
- पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित बीसवां मील चौक के पास खड़ी कार का शीशा तोडकर चोर 1.15 लाख रुपये, चेकबुक व अन्य कागजात चोरी कर ले गए। कार सवार खाने का सामान लेने के लिए गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। क्षेत्र में पहले भी कई वारदातें सामने आ चुकी है।

गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित राजीव नगर निवासी शशिकांत ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार लेकर किसी काम से गुरुग्राम से राई आ रहे थे। उन्होंने बीसवां मील चौक के पास खाने का सामान लेने के लिए सर्विस रोड पर कार रोक दी। इसके बाद वह खाने का सामान लेने के लिए चले गए।

बाद में सामान लेकर कार के पास पहुंचे पिछले दरवाजे का शीशा टूटा मिला। वहां रखा उनका बैग चोरी मिला। बैग में 1.15 लाख रुपये, बैंक की चेक बुक, पासपोर्ट और अन्य कागजात थे। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### क्षेत्र में चार दिन में तीसरी वारदात

कार का शीशा तोड़कर चोरी की यह चार दिन में तीसरी वारदात है। चार दिन पहले गांव राई स्थित ढाबा परिसर में खड़ी कार का शीशा तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी की गई थी। उसी दिन मुरथल में ढाबा परिसर में खड़ी कार का शीशा तोडकर 50 हजार रुपये व मोबाइल चोरी किए थे।

## सीएम फ्लाइंग टीम की नागरिक अस्पताल में छापेमारी, एंबुलेंस सेवा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** छापेमारी के दौरान कागजात चेक करते हुए टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने बृहस्पतिवार को नागरिक अस्पताल में छापा मारकर एंबुलेंस सेवा का निरीक्षण किया। छापे के दौरान अस्पताल परिसर में केवल चार एंबुलेंस मिली, जिनमें मरीजों की जिंदगी बचाने के उपकरण दुरुस्त नहीं मिले। इनमें से तीन तो सही तरह से चलने की कंडीशन में भी नहीं थी। किसी में एसी ठप मिला तो किसी में आक्सीजन सिस्टम खराब था। एंबुलेंस सेवा से जुड़े सभी वाहनों के डाक्यूमेंट चेक किए गए तो 32 में से 11 एंबुलेंस खराब मिली। इतना ही पूरी फ्लीट में केवल दो के पास ही प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र पाया गया। सीएम फ्लाइंग टीम ने रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेज दी है। सीएम फ्लाइंग टीम में शामिल एसआइ महाबीर सिंह, राजेश कुमार जैसे ही अस्पताल पहुंचे तो कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। अस्पताल में जिस विभाग से एंबुलेंस सेवा का संचालन होता है, वहां मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे और तमाम दस्तावेज खंगाले। एंबुलेंस सेवा में लगातार अनियमितताओं की सूचना मिल रही थी। डीएसपी अजीत ने बताया कि कई जिलों में इस संबंध में जांच की गई है। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर सरकार के पास भेजी जायेगी।

## गीता विद्या मंदिर में आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# शिक्षक विद्यार्थी में विद्यमान ज्ञानात्मक क्षमता को करता है उजागर : सुरेंद्र अत्री

- प्राचार्य द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



**गोहाना।** दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए अतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

कोई शिक्षक कभी भी किसी बच्चे को पढ़ा नहीं सकता। वह विद्यार्थी में पहले से विद्यमान ज्ञानात्मक क्षमता की परख कर उसे उजागर करता है। गुरुवार को यह टिप्पणी विद्या भारती की हरियाणा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्री ने की।

सुरेंद्र अत्री शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में तीन दिन की आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ कर रहे थे। संयुक्त अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा और प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कार्यशाला का संयोजन शिक्षिका रजनी ने किया। अपने दिशा बोध में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्री ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों में आत्मविश्वास के साथ सकारात्मक ऊर्जा और कल्पना शक्ति को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ध्येय की स्पष्टता, कार्य के प्रति रूचि और ज्ञानार्जन इस प्रकार से हो कि अध्ययन-अध्यापन और संस्कार जीवन से सदा जुड़े रहें। सुरेंद्र अत्री को स्कूल प्रबंधक और प्राचार्य द्वारा उत्तरीय, श्रीफल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बरसात के दिनों में बाढ़ की संभावनाएं, तैयारी रखें अधिकारी : डीसी

**सोनीपत।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीसी के माध्यम से बाढ़ प्रबंधन कार्यों की समीक्षा को लेकर उपायुक्तों के साथ बैठक की और उनसे जिला में बाढ़ प्रबंधक को लेकर किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए उचित दिशा-निर्देश दिए। वीसी में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि बाढ़ प्रबंधन कार्यों को लेकर सभी संबंधित विभागों की बैठक ली जा चुकी है और वे स्वयं सभी कार्यों पर नजर बनाएं हुए है।

वीसी के उपरांत उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात सीजन को देखते हुए बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए संबंधित विभाग बाढ़ प्रबंधन के लिए जितने भी कार्य चल रहे हैं, उन्हें तुरंत पूरा करें।